हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024




# अधिक कीमत की वजह से पुरानों ने छोड़ा, 12 अहातों के लिए दोबारा मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार की योजना के तहत अब सरकारी शराब दुकानों में अहाते भी संचालन के लिए दिए जा रहे हैं। मई महीने में जिले की सभी 16 सरकारी शराब दुकानों के बाहर अहाते के लिए आवेदन मंगाए गए थे, तब लगभग दुकानों के लिए बोली भी आई थी, लेकिन एक महीने के भीतर ही अधिकांश ने अपने हाथ खड़े कर लिए थे। अभी भी केवल चार दुकानों में ही अहाते संचालित है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद मौजूदा साय सरकार ने सरकारी शराब दुकानों के बाहर अहाते लगाने का निर्णय लिया था। जिसके बाद मार्च महीने से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। आवेदन आने के बाद मई महीने में टेंडर खोले गए। जिसमें अलग-अलग दुकानें अलग-अलग दर पर नीलाम हुई। मोटी रकम खर्च कर टेंडर लेने वाले लोगों में से अधिकांश ने टेंडर मिलने के बाद महीनेभर के भीतर ही अपने हाथ खड़े कर लिए थे। जिसके बाद इन दुकानों में अहाते नहीं खुल पाए थे, लेकिन अब वित्तीय वर्ष के शेष छह महीने के लिए दोबारा आवेदन मंगाए गए हैं।

### इन दुकानों के लिए मंगाए आवेदन

मिली जानकारी के अनुसार टेड़ेसरा, सोमनी, सांकरा, मंडी बायपास, रेवाडीह बायपास, अर्जुनी, डोंगरगांव, बागनदी, मेढ़ा एवं गैंदाटोला स्थित देशी व विदेशी शराब दुकानों में अहाता संचालन के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। वहीं अब तक चिखली, छुरिया, बेलगाव और बोरतलाव में अहाते का संचालन हो रहा है। हालांकि इनमें भी बेलगांव में अहाता का संचालन करने वाले ठेकेदार ने लाईसेंस अभ्यर्पण के लिए आवेदन कर दिया है।

### खास बातें

- सोमनी सांकरा विदेशी शराब दुकान होगी कम्पोजिट, रेवाडीह की दुकान जाएगी कोकपुर



### नांदगांव जिले में 16 दुकानें

राजनांदगांव जिले में कुल 16 शराब दुकानें हैं। इन सभी के लिए अहाता लेने आवेदन मंगाए गए थे। जिनमें से 13 दुकानों में अहाते के लिए मार्च महीने में आवेदन आने के बाद उनकी नीलामी हुई थी। इनमें मंडी बायपास की दोनों दुकानों के लिए 45 और 39 लाख की बोली लगाई थी। अब दोबारा जिले की 12 दुकानों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

## शहीद दिवस पर शामिल होंगे मजदूर-किसान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा व प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ एससीसी भिलाई के नेतृत्व में 28 सितंबर को कामरेड शंकर गुहा नियोगी का 33वां शहीद दिवस तथा शहीद भगत सिंह का 117वां जन्म दिवस पर शहर में रैली एवं सभा का आयोजन किया गया है।

- 28 सितंबर को शहर में रैली व सभा का आयोजन




उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने बताया कि 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा तथा प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ एससीसी भिलाई के नेतृत्व में आयोजित है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के श्रमिक व समर्थक साढे 9 बजे से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के पास आटो स्टैंड में एकत्र होंगे। यहां से लगभग साढे 11 बजे रैली प्रारंभ होगी, जो शहर भ्रमण करते ईमाम चौक फ्लाई ओवर के नीचे पहुंचेगी, जहां सभा का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के विभिन्न उद्योगों के मजदूरों के अलावा दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कबीरधाम आदि जिलों के श्रमिक व किसान शामिल होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे तथा महाराष्ट्र के पुणा शहर से कामरेड उदय भट्ट तथा भुनेश्वर, उडीसा के राधाकांत शेट्टी वक्ता के रूप में शामिल होंगे। पत्रकारवार्ता में संगठन के एमजी करैशी, पूराराम साहू, तुलसी देवदास, विरेन्द्र उके उपस्थित थे।

### बाजार नहीं मिलने से प्राकृतिक पेंट निर्माण यूनिट हुआ बंद

# सालभर में पेंट यूनिट में लगा ताला 9 लाख रुपए कर्ज में डूबी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लखोली बैगापारा क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण का यूनिट लगाया गया था। 6 अप्रैल 2023 से यहां महिलाओं द्वारा गोबर और अन्य केमिकल की सहायता से डिस्टेंपर और इमर्शन पेंट तैयार किया जाने लगा। इस यूनिट से 10 महिलाएं और एक पुरूष को रोजगार मिल रहा था, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के बाद गोबर खरीदी बंद हो गई और इसी के साथ यह पेंट का उद्योग भी बंद हो गया। इस यूनिट को शुरू करने के लिए महिलाओं ने कलस्ट के माध्यम से 9 लाख रुपए का कर्ज भी लिया है। अब पेंट उत्पादन का कार्य बंद होने से महिलाएं लिए गए कर्ज को नहीं पटा पा रही है। जिसके चलते महिलाओं ने प्रदेश सरकार से इस यूनिट को दोबारा शुरू करने की मांग की है, ताकि अपने ऊपर चढ़े इस कर्ज को महिलाएं उतार सके।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की पूर्व सरकार द्वारा गोबर खरीदी की जा रही थी। इस गोबर से पुताई के लिए प्राकृतिक पेंट निर्माण करने लगभग 30-35 लाख रुपए की मशीनें लगाकर महिलाओं को रोजगार के अवसर से जोड़ा गया। इसके लिए महिला समूह को प्राकृतिक पेंट बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सरकार द्वारा खरीदे जा रहे गोबर से इस पेंट यूनिट के माध्यम से महिलाएं महंगे केमिकल और अन्य कलर का उपयोग करते डिस्टेंपर और इमर्सन पेंट तैयार करने लगी। शासन द्वारा मशीन लगाए जाने के बाद महिलाओं ने रॉ-मटेरियल लेने कलस्टर के माध्यम से कर्ज ले लिया। शहर के लखोली बैगापारा क्षेत्र में जागृति उत्पादक स्वयं सहायता समूह द्वारा पेंट का निर्माण किया जाने लगा।

महिला समूह की सदस्य संतोषी साहू ने बताया कि 6 अप्रैल वर्ष 2023 को यहां प्राकृतिक गोबर पेंट निर्माण का कार्य शुरू हुआ था और उन्होंने बेहतर उत्पादन हासिल करते हुए तीन-चार लाख रुपए का पेंट भी बेच लिया था और प्रतिदिन लगभग 8 सौ लीटर पेंट का निर्माण भी कर रही थी। इसी बीच प्रदेश में सरकार बदल गई और गोबर खरीदी बंद होने के बाद यह यूनिट भी बंद हो गया है।



### सी-मार्ट में ढाई लाख का पेंट डंप

प्राकृतिक गोबर पेंट के विक्रय के लिए शासन द्वारा सी-मार्ट को चुना गया था। यहां से ही सभी शासकीय भवनों की पुताई के लिए अनिवार्य रूप से इस पेंट को खरीदा जाना था। शासन के फरमान के बाद बड़े पैमाने पर इस पेंट की खरीदी भी सी-मार्ट के माध्यम से की गई, लेकिन अब शासन बदलते ही सी-मार्ट में लगभग ढाई लाख रुपए का प्राकृतिक गोबर पेंट जाम पड़ा हुआ है।

### यूनिट दोबारा शुरू करने मांग

वार्ड नंबर 33 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य दुलारीबाई साहू ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में बनने के बाद इस यूनिट को बंद कर दिया गया है। अब महिलाओं के सामने रोजगार का संकट है। उन्होंने दोबारा से इस यूनिट को शुरू करने की मांग की है।

### केमिकल हो रहे खराब!

शहर के लखोली बैगापारा में स्थापित प्राकृतिक गोबर पेंट की इस यूनिट में रॉ-मटेरियल सहित महंगे केमिकल जाम पड़े हुए हैं। पेंट निर्माण नहीं होने के चलते इन केमिकलों के खराब होने की संभावना भी बनी हुई है।

### पुताई की अनिवार्यता हुई खत्म

कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं द्वारा गोबर पेंट निर्माण को बाजार देने के उद्देश्य से सी-मार्ट से इसकी बिक्री शुरू की गई और सभी शासकीय भवनों को इस प्राकृतिक गोबर पेंट से पुताई करने का निर्देश भी जारी किया गया, ताकि महिलाओं द्वारा निर्मित इस पेंट की बिक्री बढ़ सके, लेकिन सरकार बदलते ही शासकीय भवनों की इस प्राकृतिक पेंट से पुताई की अनिवार्यता भी बंद हो गई है।

### स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में होंगे शामिल

# कल बरगा आएंगे केंद्रीय मंत्री पाटिल व सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के ग्राम बरगा आएंगे। दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री स्वच्छता दीदीयों से बात एवं जिला प्रशासन का प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट का काम भी देखेंगे।





मिली जानकारी के अनुसार कल शनिवार को बरगा में यह आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश सरकार के तीन से चार मंत्री भी पहुंच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता पर विशेष जोर दिया गया है। इस अभियान की थीम इस बार स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता रखी गई है। इस वर्ष 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत औपचारिक स्वच्छता शपथ और एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के साथ हुई थी। इस पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम साय एवं केंद्रीय मंत्री पाटिल बरगा आ रहे हैं।

प्रशासन के साथ ही भाजपा भी इस आयोजन को लेकर अपनी तैयारियां कर रही है। सीएम और केंद्रीय मंत्री के आने की वजह से कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने की प्लानिंग की गई है। जिलेभर से भाजपा के कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे।

### अर्जुनी में रूकेंगे, अमलीडीह जाएंगे

बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल कार्यक्रम के बाद अमलीडीह भी जाएंगे। यहां वे जिला प्रशासन द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर किए जा रहे काम को देखेंगे। इसके बाद वे अर्जुनी ग्राम में स्वच्छता दीदीयों से मुलाकात करेंगे। उनसे चर्चा के बाद राजनांदगांव विश्राम गृह में भोजन पश्चात वापस लौट जाएंगे।

### माय एंगल




## फारेस्ट बेरियर में वाहनों से वसूली, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कल्लूबंजारी के समीप स्थित फारेस्ट बेरियर में पदस्थ कर्मियों द्वारा हर वाहनों से अवैध वसूली किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद डीएफओ मयूर जैन ने जांच के आदेश जारी किए हैं। डीएफओ ने कहा कि जांच के बाद दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार छग और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित कल्लूबंजारी के समीप फारेस्ट बेरियर में पदस्थ कर्मियों द्वारा पिछले लंबे समय से हर वाहनों से वसूली की जा रही है। महाराष्ट्र के काकोड़ी जाने वाले वाहनों से वसूली किए जाने का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि रेंज में पदस्थ कुछ अफसरों के इशारे पर इस गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा है।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

सूत्रों ने बताया कि इस वीडियो के वायरल होने के बाद डीएफओ मयूर जैन ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएफओ ने हरिभूमि को बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आने के बाद दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आत्महत्या के लिए उकसाया, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में जांच करते पुलिस ने युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 17 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई शोभित कुमार ढीमर निवासी अटल आवास पेंड्री, जो अकेला रहता था, अपने घर के कमरे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, जिस पर थाना लालबाग में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त घटना से दुखी एवं व्यथित होकर शोभित कुमार ढीमर ने 15 सितंबर की रात्रि से 17 सितंबर के मध्य अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस ने आरोपी ईश्वर सोनकर एवं उसकी पत्नी के विरूद्ध 108, 3(5) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मारपीट की थी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में घटनास्थल का बारीकी से एफएसएल टीम के सहयोग से निरीक्षण किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पड़ोसियों एवं गवाहों के बयान से पता चला कि 13 सितंबर की शाम शोभित कुमार ढीमर पर उसका पड़ोसी और उसका पति ईश्वर सोनकर उसके ऊपर बुरी नियत से गलत ईशारा करता था, का आरोप लगाकर गाली-गलौज देते मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट से मृतक के शरीर पर चोंटे आई थी।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 20 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बड़ी लड़की 19 सितंबर की रात करीबन 8 बजे के आसपास खाना खाने के बाद घर से बिना बताए निकली है, जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आई है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**रायपुर से बरामद :** पुलिस सूत्रों के अनुसार अपहृत बालिका एवं आरोपी की पता तलाश सीसीटीवी फुटेज एवं मोबाइल लोकेशन आधार पर लगातार तलाश रायपुर, गुंडरदेही व धमतरी जिले पर पता तालश किया गया। पता तलाश के दौरान 24 सितंबर को टिकरापारा रायपुर से अपहृत नाबालिग बालिका बरामदगी पंचनामा तैयार कर एवं आरोपी साहिल सूर्यवंशी पिता बृजभान सूर्यवंशी 20 वर्ष निवासी क्लब चौक को थाना बसंतपुर लाया गया। अपहृत बालिका से पूछताछ करने पर बालिका द्वारा बताने व आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने पर प्रकरण में धारा 64 बीएनएस एवं 4 पास्को एक्ट जोड़कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## टमाटर 50, गोभी पहुंची 80, किचन का बजट बिगड़ा

# मौसम की मार ने बढ़ाई महंगाई, लोकल बाड़ी से आवक नहीं, सब्जियों के दामों में दोगुना उछाल


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकल बाड़ी से आवक नहीं होने के चलते सब्जियों के दामों में इन दिनों काफी इजाफा देखा जा रहा है। चिल्हर मार्केट में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस सीजन में 25-30 रुपए किलो मिलने वाली सब्जियां 60-70 रुपए किलो में बिक रही है। जिससे मध्यमवर्गीय परिवार की रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है।

शहर के मुख्य सब्जी बाजार गोल बाजार में भी सब्जियों की आवक कम है। यहां ज्यादातर सब्जियां बाहर से आ रही है। वहीं लोकल बाड़ी की सब्जियां नहीं पहुंचने पर सब्जियों के दामों में उछल बना हुआ है और फिलहाल सब्जियों के दाम में कमी आने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है। आमतौर पर ठंड के शुरूआती दिनों से ही सब्जियों के दामों में गिरावट भी शुरू हो जाती है, लेकिन इस वर्ष बाढ़ और मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते इसका असर सब्जी बाड़ी पर पड़ा है। जिसके चलते फसल खराब हुई है और पर्याप्त मात्रा में उत्पादन नहीं होने के चलते सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। राजनांदगांव जिले में अधिकांश सब्जी बाड़ी शिवनाथ नदी के किनारे स्थित है। बीते दिनों शिवनाथ नदी में आए बाढ़ की वजह से नदी किनारे की सब्जी बाड़ी भी डूबान में आ गई और लगभग दो-तीन दिनों तक बाढ़ का पानी नहीं उतरने पर सब्जी पानी में डूबी रही। जिसकी वजह से कई क्षेत्रों में सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है। जिसके चलते लोकल बाड़ी से सब्जियों की आवक की पूर्ति नहीं हो पा रही है। आवक कम होने की वजह से सब्जियों के दाम भी बढ़े हुए हैं।

### आवक कम होने से बढ़े दाम

शहर के गोल बाजार, हाट बाजार सहित कुछ अन्य बाजारों में सब्जियों के रेट एक समान ही है। जिसमें गलका 40, टमाटर 50, सेमी 80, फूल गोभी 80, पत्ता गोभी 40, कुम्हड़ा 20, करेला 40, तोराई 40, बरबट्टी 60, खीरा 10, लौकी 30, गंवार फल्ली 40, मूली 10, भिंडी 40, कुंदरू 40 और शिमला मिर्च 80 रुपए किलो की दर से बिक रही है।

## खबर संक्षेप

### महंगाई से बिगड़ी लोगों की आर्थिक स्थिति

**सड़क अतरिया।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने बढ़ती मंहगाई के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में खाद्य तेल, प्याज सहित कई अन्य दैनिक उपभोग के सामनों के दाम लगातार बढ़ रहे है। मध्यम वर्ग, गरीब तबके के लोगों से कुछ वस्तुएं दूर हो गई है। लोगों की कमाई का एक बड़ा हिस्सा मूल्य वृद्धि को पूरा करने में चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी योजना गिनाकर वाहवाही लुट रही है वहीं दूसरी ओर कीमत वृद्धि कर लोगों के जेब में डाका डाल रही है।

### भाजपा सरकार में बढ़े अपराध

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि लोग अब असुरक्षित महसुस करने लगे है। अपराधों का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। पुलिस की बर्बरता और अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। लोहारीड़ीह के बाद छुरिया थाना में युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। लोहारीडीह में महिलाओं से की गई मारपीट से तय हो गया कि महिलाएं अब कही भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के जिले में जब पुलिस कई दर्जन ग्रामीणों को बेरहमी से मार सकती है तो अन्य जिलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### अधिकारी- कर्मचारियों की हड़ताल आज

**घुमका।** कल शुक्रवार को कर्मचारी एवं अधिकारियों के हड़ताल पर जाने से सभी शासकीय दफ्तर के काम प्रभावित होंगे। कर्मचारी एवं अधिकारियों के कलम बंद काम बंद हड़ताल पर जाने से लोगों का कल कोई काम नहीं हो पाएगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लंबित महंगाई भत्ता की एरियस राशि का जीपीएफ खाते में समायोजन करने एवं 300 दिवस अर्जित नगदीकरण, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केंद्र के समान गृह भाड़ा स्वीकृत करने की मांग की है। तहसीलदार सोनित मेरिया ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के समर्थन में कर्मचारी अधिकारियों ने हड़ताल पर जाने के लिए अवकाश लिया है।

### न्याय यात्रा में शामिल होने साहू रवाना

**छुरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में



निकली न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए जिला इंका के महामंत्री चुम्मन साहू रवाना हो गया है। यह यात्रा 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौधपुरी से रायपुर तक निकलेगी। इस यात्रा के शुभारंभ में जिला महामंत्री चुम्मन साहू शामिल हुए।

### तंबाकू का नहीं करें सेवन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 26 सितंबर को आईक्यूएसी, एनसीसी एवं एनएसएस के तत्वावधान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ता के रूप में सरोज राजेकर पर्यवेक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हितेश कोसले सलाहकार उपस्थित थे। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान और उसके बचाव के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

## पानी दूषित होने से संक्रमण का खतरा

# नालियों का पानी और गंदगी नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के किनारे से बहने वाली सुरही नदी के पानी से लोग जहां अपनी प्यास बुझाते है वहीं यहां के पानी का उपयोग निस्तार के लिए करते आ रहे हैं किन्तु कुछ साल पहले नगर पंचायत ने नालियों को इस नदी से जोड़ दिया है जिससे नगर का गंदा पानी एवं गंदगी नदी में जा रहा है। गंदगी के कारण नदी का जल दूषित हो रहा है। गंदगी और बदबू के कारण लोग इस नदी के पानी का उपयोग करने से कतराने लगे है। पानी के दूषित होने के कारण खुजली होने की शिकायत अक्सर सामने आते रहती है।





### उपाय किया जाएगा

सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि नदियों और नालियों का निरीक्षण कर इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### नदी में गहरे गड्ढे से गहराया खतरा

नगर के वार्ड 3 स्थित नदी में गहरा गढ्डा हो गया है जिसके कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है। बीते दिनों तेज बारिश के चलते क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर थे। दो दिनों तक जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लगातार बारिश और नदी के तेज बहाव के कारण नदी के अंदर के बड़ा गढ्डा हो गया है जिसके कारण अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। इस गढ्डे में मटमैला पानी भरा है जिससे उसकी गहराई का आभाष नहीं होता। जानकार गढ्डे से बचकर स्नान एवं अन्य कार्य के लिए नदी में जाते वक्त सावधानी रखते है परंतु बच्चे और अनजान व्यक्तियों के लिए उक्त स्थान पर जाना जोखिम भरा साबित हो सकता है। पार्षद प्रतिनिधि नीलम नामदेव ने बताया कि नदी में हुए गढ्डे को भरवाने के लिए सीएमओ से कहा गया है। बारिश के कारण मौके तक जेसीबी ले जाने में समस्या हो रही है। जल्द ही गढ्डे को भरवा दिया जाएगा।

# खेत सुधार की आड़ में मुरूम का अवैध खनन

- खनिज चोरी की अनदेखी कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिना स्वीकृति के खेत सुधार की आड़ में मुरुम का खनन और परिवहन करने की शिकायत मिली है। ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम जारवाही से बड़ी मात्रा में मुरुम पार कर दिया गया है। हैरानी वाली बात यह है कि खनिज और राजस्व विभाग सबकुछ गलत होने के बाद मौन साधे हुए है।

राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद से शराब की अवैध बिक्री, रेत, मुरुम के दोहन के मामले में काफ़ी वृद्धि देखी जा रही है। अवैध कारोबार में भाजपा के कतिपय नेताओं की संलिप्तता के कारण खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग का महकता कार्रवाई करने के बजाए मूक दर्शक बना हुआ है। मुरुम के बेजा खनन का ताज़ा मामला जारवाही में सामने आया है। मुरुम के खनन और परिवहन के लिए काफ़ी समय से सुर्खियों में रहे जारवाही के एक किसान के खेत से बड़ी मात्रा में मुरुम का खनन कर पार कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुरुम की क्वालिटी काफ़ी अच्छी होने के कारण जारवाही में लंबे समय से खेत सुधार के नाम पर मुरुम का खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार किसान के खेत से मुरुम खनन के पहले खनिज विभाग से मंजूरी नहीं लिया गया है और न किसान ने इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है। पंचायत ने भी इस संबंध ने अपना अभिमत नहीं दिया है।

# महिला सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

स्थानीय नवीन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं डॉ. एलसी सिन्हा के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ ने महिला सुरक्षा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

वक्ता के रूप में अधिवक्ता कुसुम दुबे एवं रूपेश दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती दुबे ने घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना, भावनात्मक एवं आर्थिक उत्पीड़न, दहेज प्रथा, कार्यस्थल पर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, बालिकाओं के कानुनी अधिकार, सोशल मिडिया के दुष्प्रभाव एवं दुष्कर्म आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राध्यापक सीएस राठौर, विनय कुमार मसियारे, डीके साहू, बेनविक्रम बर्मन, हेमंत जांगड़े, प्राची अम्बादे उपस्थित थे। संचालन रेणुका कुंजाम एवं आभार प्रदर्शन रेणुका सिन्हा ने किया।



# मंदिर-मस्जिद में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर मस्जिद एवं जगन्नाथ मंदिर पास में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई किया। स्वच्छता अभियान के पश्चात उपाध्याय का श्रद्धावंदन करते हुए सभी जनों ,युवाओं, योग समिति, जगन्नाथ समिति ,प्रेरणा संस्था, अल्प संख्यक मोर्चा के सदस्यों ने उनके योगदान को याद किया। अभियान में मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत जैन, रफीक खान, मेहताब खान, अजय छाजेड़, शेख निजामुद्दीन, महावीर जैन, धर्मेंद्र सांखला, पार्षद इमरान खान, पन्ना मंडावी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण गुप्ता, अशोक चंद्राकर, मोहन जंघेल, मानिक श्रीवास, प्रेम श्रीवास आदि शामिल हुए। मुस्लिम समाज के इब्राहिम खान, आसिफ खान, सिबान खान, शेख सिराज, आदिल खान, असरार खान, अफसर खान आरिफ खान ने स्वच्छता में जुटे लोगों को पानी- चाय पिलाया।

### भूलाटोला में निकली स्वच्छता रैली



रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओ.पी. सोनवानी के निर्देशन में गोद ग्राम भूलाटोला में 25 सितंबर को स्वच्छता रैली निकालकर पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम भूलाटोला में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सरकारी भवनों जैसे पंचायत भवन, शाला भवन एवं मंगल भवन की साफ-सफाई किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला भूलाटोला में सफाई में पदस्थ शिक्षकों की देखरेख की गई। स्वच्छता कार्यक्रम में स्वयं सेवकों और स्कूल के छात्र-छात्राओं ने न केवल सफाई किया बल्कि स्वच्छता स्लोगनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# नवाचारी शिक्षक साहू का सम्मान

**मुढ़ीपार।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और छात्रों के हित में निरंतर बेहतर कार्य करने पर प्राथमिक शाला सनडोंगरी के प्रधानपाठक लादूराम साहू को एसबीआई लाइफ ने सम्मान किया।



श्री साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, छत्तीसगढ़ी लेखन, महिला उत्थान, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता, शाला का बेहतर संचालन, स्मार्ट क्लास का संचालन, स्मार्ट किचन सेट का निर्माण, शिक्षण सामग्री का वितरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ रमेंद्र डड़सेना,बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, शिरीष कुमार पांडे आदि मौजूद थे।

### तेज गर्जना के साथ बरसे बादल

**सड़क अतरिया।** गुरूवार शाम को एक बार फिर मौसम ने करवट बदला और क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ जमकर बारिश हुई। हफ्ते भर से लोग तापमान बढ़ने से गर्मी और उमस से परेशान थे। बीते दो दिन से आसमान में बादल छा रहे थे। गुरूवार को बारिश होने से तापमान में कमी आई है। यह बारिश धान फसल के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। वही दलहन, तिलहन फसल के प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन, उड़द, मुंग की फसल तैयार हो गई है। किसानों ने लुआई मिंजाई करना शुरू कर दिया है ऐसे समय पर बारिश होने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने शनिवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर जन सामान्य को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता रैली महाविद्यालय से प्रारंभ कर के बस स्टैंड होते हुए बाजार चौक पहुंची। बाजार चौक में स्वयंसेवको ने स्वच्छता कार्य किया। रैली में प्रो डीके साहू, प्रो एलसी सिन्हा, प्रो सीएस राठौर, प्रो विनय मसियारे, रेणुका कुंजाम, प्रो बेनविक्रम बर्मन, प्रो रेणुका सिन्हा, दलनायक हुकुमचंद, मनीषा यदु, अभिषेक राजपूत, रामेश्वरी पाल, गरिमा पाल, हेमलता देवांगन आदि ने भाग लिया।

### गातापार जंगल में जनसमस्या निवारण आज

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम पंचायत गातापर जंगल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर शुक्रवार 27 सितंबर को होगा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर में आमजनों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी शिविर में लगाए गए स्टॉल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा वार्ड नं. 47 में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों, शाला प्रबंधन व विकास समिति सदस्यों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि भूपेंद्र श्रीवास्तव, अर्जुनदास साहू शामिल थे। रामुलाल प्रजापति, हरिराम साहू, लोकेश्वर सिंह साहू, भानुप्रताप साहू, सुनील कुमार साहू, ठनेश्वरी साहू, डिगेश्वरी साहू को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उपाध्यक्ष वर्षा शर्मा द्वारा शाल, श्रीफल एवं पेन भेंटकर सम्मान तथा रामूलाल प्रजापति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

नेवता भोज का शुभारंभ पार्षद सरिता अवधेश प्रजापति द्वारा लड्डू खिलाकर किया गया। नेवता भोज में भोला सोनी अपनी बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 10 रुपए वाले चाकलेट, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल व कलर पेंसिल 160 बच्चों को तथा शिक्षकों को पेन, मीठा खिलाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अवधेश प्रजापति, दिलीप सोनकर, सोमेश मानिकपुरी, दुर्गा सेन, श्वेता शर्मा, सुखवन्तीन निषाद, सीमा मंडावी, पोषण सोनकर समेत अन्य लोग शामिल थे।



# घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं ने लोगों को बनाया सदस्य

**सड़क अतरिया।** पं. दीन दयाल उपाध्याय के जयंती पर बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा का सदस्यता अभियान जोर शोर से चला। भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने गांव गांव पहुंचकर सदस्यता अभियान में तेजी लाया। ग्राम पंचायत पंडरिया एवं बुन्देली में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। भाजपा नेत्री ज्योति जंघेल सहित भाजपा कार्यकर्ता घर घर पहुंच कर भाजपा की नीति और रीति से ग्रामीणों को अवगत कराया। नए सदस्य बनाकर स्वागत किया। इसी प्रकार जीराटोला में बूथ प्रभारी भुनेश्वर सेन, केसलाल मंडावी, अंजू वर्मा, चकनार में रमेश जंघेल, पवन पटेल सहित खैरा नवापारा, संड़ी, बेलगांव, गुमानपुर, खैरबना, कुकुरमुड़ा, भर्दा, विचारपुर, घिरघोली आदि गांव में अधिक सदस्य जोड़ने का प्रयास किया गया।



आवश्यकता है
मैसी ट्रैक्टर्स
शो रूम में सेल्स मेन की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| खैरागढ़ | - | 5 सेल्समेन |
| छुईखदान | - | 5 सेल्समेन |
| टेलीकॉल | - | 1 पद (युवती) |

प्राथमिकता- सेल्समेन की स्वयं की मोटर साइकिल
आकाश एग्रो
विवेकानंद स्कूल के सामने, छुईखदान रोड
खैरागढ़, मो. 94255-60651, 97530-60651

## कलेक्टर और एसपी ने दिए निर्देश

# अपराधों पर रखे नजर, करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों के समाधान में गंभीरता दिखाएं। कोई भी घटना संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई करें। किसी विषय को लेकर जन सामान्य में घटना को लेकर अप्रिय स्थिति निर्मित ने हो, इसे ध्यान में रखा जाए।

### सीमा पर रखें पैनी नजर

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि महाराष्ट्र राज्य की सीमावर्ती जिले से कोई अवैधानिक गतिविधियां संचालित ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। महाराष्ट्र सीमा से शराब की तस्करी ना हो इस पर सघनता पूर्वक सीमा क्षेत्र में जांच और कार्यवाही किया जाए। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिले के अंतर्गत संचालित मेडिकल स्टोर में नशा गोली की गोली बिक्री न हो, इस हेतु औषधि विभाग, खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त कार्रवाई एवं जांच करने कहा गया है। स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को नशा से दूर रखने के लिए यहां नशा मुक्ति शिविर लगाकर नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराने कहा गया।मोहला के छुरिया मंदिर के आसपास क्षेत्र में रात्रि में नशा पान करने की शिकायत पर रात्रि कालीन को गस्त करने और आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर करें कार्रवाई

बैठक में मरीज का उपचार करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। गांव वालो को इस संबंध में समझाइश देने कहा गया है कि किसी प्रकार की समस्या होने पर अच्छे डॉक्टर से उपचार कराएं। झोला छाप डॉक्टर से उपचार करा कर स्वास्थ्य खराब ने करें। बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सुनिश्चित करने कहा गया। है। निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि पर कार्यवाही करने कहा गया है।
पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने पुलिस अधिकारियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने निर्देशित किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## चेंबर व ट्रांसपोर्ट की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स को कवर्धा के व्यापारियों द्वारा रायपुर से कवर्धा ट्रांसपोर्ट गेराज से जुड़ी नई एवं पुरानी किराया भाड़ा के रेट को लेकर कई दिक्कत हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चेंबर भवन, रायपुर में कवर्धा के तीन प्रमुख ट्रांसपोर्ट गेराज जावेद गुड्स ट्रांसपोर्ट, जय भोले गुड्स ट्रांसपोर्ट और भैरव ट्रांसपोर्ट के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर के ट्रांसपोर्ट संघ के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल की उपस्थिति में व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट संचालकों के बीच खुली चर्चा कर सभी समस्याओं का निराकरण किया गया।

## नवोदय विद्यालय में अब 7 अक्टूबर तक प्रवेश

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि को 23 सितंबर को बढ़ाकर 7 अक्टूबर 2024 तक किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाइन लिंक पर जाकर इस प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं तथा नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण तथा जिले के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर सकते है।

## अंचल में लगातार हो रही बारिश से उमस

**कवर्धा।** अंचल में इन दिनो लगातार बारिश हो रही है। गुरूवार को कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। जिससे लोगों के न सिर्फ कामकाज प्रभावित हो रहे हैं वहीं कभी धूप कभी बारिश से लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ रहा है।

# भोरमदेव मंदिर में विशेषज्ञ टीम द्वारा शुरू किया गया मरम्मत कार्य

- वर्षाकाल के शुरूआती दिनो में आई थी गर्भ गृह में जल रिसाव की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होने के शुरूआती दिनो में इस बात की शिकायत सामने आई थी कि एक बार फिर प्रदेश सहित अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था केन्द्र पर्यटन स्थल भोरमदेव मंदिर में जल रिसाव हो रहा है।

जिसके बाद मंदिर के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े किए जाने लगे थे। इस शिकवा शिकायत के बाद प्रशासन तथा पुरातत्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया था और अब भोरमदेव मंदिर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। हालांकि इस मरम्मत कार्य के तहत क्या किया जा रहा है और यह कार्य कब तक पूरा हो पाएगा इस संबंध में अभी तक प्रशासन अथवा पुरातत्व विभाग ने अपनी तरफ से कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

लेकिन मौके पर अधिकारियों के साथ ही मरम्मत कार्य करने वालों का अमला दिखाई दे रहा है। जो मुख्य रूप से मंदिर के ऊपरी हिस्से की मरम्मत करते नजर आ रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ माह पूर्व वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के बाद लगातार हुई बारिश से मंदिर के ऊपरी हिस्से मंदिर के तीनो द्वारों तथा गर्भ गृह में पानी का रिसाव होने लगा था। इस स्थिति में मंदिर के सेवादारों को गर्भ गृह में बारिश के पानी के भराव को रोकने के लिए बर्तनो का सहारा लेना पड़ रहा था। बाद में इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी।

जिसके बाद अब प्रशासन द्वारा मंदिर में मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। जानकारी यह भी मिली है इस मरम्मत कार्य को विशेषज्ञों की निगरानी में अंजाम दिया जा रहा है ताकि मंदिर को किसी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंचे और लगातार हो रहे जल रिसाव को स्थाई रूप से रोका जा सके।

### भोरमदेव मंदिर में पहले भी किया जा चुका है पुरातत्व विभाग द्वारा मरम्मत कार्य

यहां बताना लाजिमी होगा कि भोरमदेव मंदिर में जल भराव की शिकायत कोई पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी बीते वर्ष कुछ इसी तरह की शिकायतें सामने आई तो मंदिर के गर्भ गृह में बड़ी मात्रा में बारिश का पानी मंदिर की दीवारों से रिस कर अंदर पहुंच रहा था। जिसके बाद जिला प्रशासन की सूचना पर मंदिर पहुंची पुरातत्व विभाग की टीम ने मंदिर का निरीक्षण करने के बाद करीब एक करोड़ रूपए की लागत से मंदिर का मरम्मत कार्य कराया था। लेकिन इस मरम्मत कार्य के महज साल डेढ़ साल के बाद फिर से वहीं स्थिति निर्मित हो गई है और एक बार फिर से मरम्मत की नौबत आ गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि क्या इस बार विभाग द्वारा किया जा रहा मरम्मत कार्य पुख्ता है और क्या इसके बाद अब मंदिर में जल रिसाव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। बहरहाल इस सवाल का जवाब अभी कोई नहीं दे रहा है। हां इतना जरूर है कि मंदिर में मरम्मत कार्य चल रहा है। प्रशासन की टीम लगी हुई है।



**भर्राशाही:** आबादी क्षेत्र से दूर सूनसान स्थानों में चबूतरा बनाकर कराए जा रहे बिल पास

# नल जल योजना में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार व मनमानी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

प्रदेश में अब भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार आने और शासन-प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी जिले में नलजल योजना के नाम पर मची लूट और भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम ये है कि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना में संबंधित और उसके ठेकेदार द्वारा किए भ्रष्टाचारी कारनामे जहां तहां देखने को मिल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम नेउरगांव खुर्द से सामने आया है। जहां नल जल योजना में जमकर भ्रष्टाचारी देखने को मिल रही है। स्थिति ये है कि घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा संचालित इस योजना के माध्यम से भले ही लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों और उनके ठेकेदारों के जेबों में मोटी रकम जरूर पहुंच रही है। बताया जाता है कि ग्राम नेउरगांव खुर्द में ठेकेदारों ने सिर्फ अपना बेगैरत का काम दिखाने और अपना बिल बढ़ाने के नाम पर गांव के ऐसे-ऐसे स्थानो में एफएचटीसी या आम भाषा में चबूतरा का निर्माण किया है जहां न तो कोई बंदा है और न ही बंदे की जात है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा गांव में ऐसे स्थानो पर चबूतरा और नल लगाया है जहां दूर-दूर तक कोई घर नहीं है। खेत में चबूतरा बनाकर ठेकेदार ने सिर्फ अपना लाभ देखा है। क्योंकि ठेकेदार द्वारा जितने ज्यादा चबूतरा बनाया जाएगा उसका उतना ही ज्यादा फायदा होगा। जबकि शासन के निर्देशानुसार योजना के तहत नल चबूतरा का निर्माण वहीं करना है जहां लोगों का घर है, नियमानुसार एक ही स्थान पर एक से अधिक नल चबूतरों का निर्माण भी नहीं करना है। बावजूद इसके ठेकेदारों द्वारा नियम कायदों को ताक में रखकर इस तरह के निर्माण कार्यो को अंजाम दिया गया है।





### पुरानी लाइन में जोड़े नए कनेक्शन

शिकायत यह भी है ग्राम पंचायत नेउरखुर्द में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति कराने पिछाई गई पाईप लाईन में ही नलजल योजना के ठेकेदार ने लगभग 300 से 400 मीटर कनेक्शन किया गया है। जबकि इन्हे नया पाइप लाइन डालना था। बताया जाता है कि ठेकेदार की इस मनमानी का विरोध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया गया था उसके बाद भी विभाग ने इस पर कोई आपत्ति नहीं की और ठेकेदार का बिल भी पास हो गया।

### अधिकारी का जवाब नहीं

इस संबंध में एसडीओ गोपाल ठाकुर ने जानकारी मांगने पर कोई जवाब ही नही दिया। बोड़ला कार्यालय में इनकी उपस्थिति ना के बराबर है जब भी कार्यालय जाओ तो वहां के कर्मचारी बताते है की साहब आज नहीं आए हैं। ऐसे में लगता यही है कि अधिकारी घर बैठे ही कार्य का मूल्यांकन कर रहें है तो फिर शासन की जनकल्याणकारी योजना में गुणवत्ता कैसे दिखाई देगी। बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन को इस तरह की शिकायतों पर निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

### विभागीय मिलीभगत से नल जल योजना में हो रहा खुलेआज भ्रष्टाचार

माना जा रहा है कि नल-जल योजना में जिस ढंग से ठेकेदार मनमानी करते दिखाई दे रहे हैं वह बगैर संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के नहीं हो सकता है। सवाल यह भी उठता है कि जब ठेकेदार द्वारा नियम कायदों के विपरीत कार्य किया है तो उसका बिल कैसे पास हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इस तरफ के मामले जिले भर से सामने आने के बाद शासन-प्रशासन ने विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश भी जारी किए है लेकिन इसका कोई असर विभागीय अधिकारियों पर नहीं दिख रहा है और वे शासन प्रशासन के निर्देशों को एक कान सुनकर दूसरे कान से निकाल रहे हैं।

# गैंदपुर के सरपंच सचिव पर लाखों के फर्जीबाडे का आरोप



- ग्रामीणों ने जनपद व जिला पंचायत में ज्ञापन सौंपकर की लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गैंदपुर के ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर राशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है, जिसकी शिकायत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा व जिला पंचायत सीईओ से करते हुए जांच की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें बताया गया है की नियम विरुद्ध पंचायत प्रतिनिधि एवं सचिव अपने रिश्तेदार व पुत्र के बैंक खाते के माध्यम से लगभग 5 लाख का फर्जी आहरण किया है जबकि पंचायती राज अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी पंचायत प्रतिनिधि व शासकीय सचिव अपने व अपने रिश्तेदार के खाते में भुगतान नहीं कर सकता। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव ने आपसी मिलीभगत कर ग्राम पंचायत क्षेत्र में करीब 8 से 10 साल पूर्व निर्मित कराई गई आरसीसी सड़क को नया निर्माण बताकर स्वीकृत राशि का फर्जी ढंग से आहरण किया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी प्रकार सरपंच व सचिव ने ग्रामवासियों को मिष्ठान वितरण करने का फर्जी बिल लगाकर एक लाख रूपए की राशि आहरित की है।

जबकि एक लाख रूपए का ग्रामीणों को मिष्ठान वितरण विचारणीय है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि 15 वें वित्त की राशि, स्वच्छता के अंतर्गत प्राप्त राशि से नाली मरम्मत के नाम पर फर्जी 3 लाख व सफाई के नाम पर 2 लाख फर्जी आहरण किया गया है। वहीं पेयजल की राशि 15 वें से पाइपलाइन विस्तार और पंप स्थापना के नाम से फर्जी आहरण किया है। शिकायतकर्ता खेमलाल, जीवन, छन्नू, बंसी राम, गिरधर, राजाराम रजक, प्रकाश साहू, दीनबंधु ठाकुर, माखन साहू ने प्रशासन से मांग की है ग्राम पंचायत गैंदपुर में सरपंच व सचिव द्वारा किए गए इस फजीबाड़े की जांच कर दोनों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# जिले से आनंद सिंह कांग्रेस की न्याय यात्रा की कोर कमेटी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश में लगातार बढ़ते व अनियंत्रित अपराध, अराजकता तथा भाजपा शासन की विफलताओं पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में सा मा जि क समरसता लाने, प्रदेशवासियों को भय और आतंक से मुक्ति दिलाने तथा प्रदेश में पुनः शांति व्यवस्था कायम करने की मंशा से छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ नेता, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और कांग्रेस के सभी दलों के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। कबीरधाम जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि इस यात्रा की रूपरेखा, संचालन तथा क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जो कोर टीम गठित की है उसमें जिले की विधानसभा पंडरिया के युवा नेता व जनसेवक आनंद सिंह को भी शामिल किया है। जानकारी के मुताबिक आनंद सिंह अपनी 20 सदस्यीय वर्किंग टीम के साथ इस यात्रा की तैयारियों के लिए गुरूवार को ही रायपुर के लिए रवाना भी हो चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यात्रा की तैयारियों में जुट गए है।



## राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता की सेवा 2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर आधारित विभिन्न गतिविधियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य सुजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों के मध्य विभिन्न स्पर्धा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता रैली, साइकिल रैली, नुक्कड़ सभा, वाल राइटिंग का आयोजन किया गया। स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए ग्राम राजानवागांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की सफाई जिसमें मंदिर, बाजार चौक, विद्यालय परिसर, थाना परिसर के सामने विभिन्न क्षेत्रों की सफाई करने के साथ-साथ विद्यालय प्रांगण को गाजर घास मुक्त किया जा रहा है। स्कूल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों को गांधी जयंती के अवसर विशाल स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

# कवर्धा में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में किया जा रहा है। 26 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित इस चार दिवसीय 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 शुभारंभ गुरूवार को जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से किया। वहीं शुभारंभ कार्य की अध्यक्ष नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ,विशिष्ट अतिथि संतोष पटेल, विदेशीराम राम धुर्वे, पार्षद पवन जायसवाल, उमंग पांडे, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय तथा खिलाड़ियों को संबोधित करते डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार विष्णुदेव सरकार तथा केन्द्र की मोदी सरकार खेल और खिलाडियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ प्रदेश व देश के खिलाड़ियों को मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 व्हालीबॉल-बालक एवं बालिका 14-17 वर्ष, साप्ट बॉल-बालक एवं बालिका 14-19 वर्ष तथा हैण्ड बाल-बालक एवं बालिका 17 वर्ष को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।




**सुतियापाठ की पहाड़ी पर स्थित हिंगलाज माता के दर्शन करने पहुंचे थे शंकराचार्य**

# शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, सजाए जा रहे दुर्गा पंडाल



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

पंचायत स. लोहारा सहित विकासखण्ड की सभी 96 ग्राम पंचायतों में शारदेय नवरात्र पर्व की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। माता रानी के आगमन की तैयारियों के मद्देनजर जहां दुर्गोत्सव समितियां पूजा पंडालों को आकर्षक स्वरूप देने में जुटे हैं वहीं मंदिर समितियों द्वारा मा दुर्गा की प्रतिमाओं मूर्त रूप दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 03 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व के लिए विभिन्न उत्सव समितियों में तैयारियां शुरू हो गई है। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों उडिय़ा, बाजार चारभांठा, गोछिया, दानीघठोली, ठाठापुर, रणवीरपुर, गौरमाटी, बीरेन्द्रनगर, मोहगांव, बिडोरा, सिल्हाटी, सिंघनपुरी जंगल जैसे सेंटर क्षेत्र सहित सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के 96 ग्राम पंचायतों में नवरात्रि उत्सव समितियों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। नवरात्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम खासकर जगराता की भी धूम रहेगी। कई ग्राम पंचायत क्षेत्र में तो कार्यक्रम 10-15 दिन पूर्व से ही बुक कर लिए गए हैं। कार्यक्रम संचालकों की पूछ परख भी बढ़ गई है।

### अंचल के मंदिरों में भी तैयारियां प्रारंभ

पंडालों के अलावा देवी मंदिरों में भी पूजा अनुष्ठान की तैयारियां शुरू हो गई है। सहसपुर लोहारा नगर के प्रमुख राज परिवार की कुल देवी भगवती मंदिर व शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के इच्छुक भक्त रसीद कटवाने के लिए पहुंच रहे हैं। ग्राम पंचायत गौरमाटी में 03 तालाब के मध्य स्थित चंडी माता मंदिर में भी तैयारी जोरों पर है यहां भी मनोकामना ज्योति कलश प्रतिवर्ष प्रज्वलित किये जाते हैं।

### ऊंचे पहाड़ के ऊपर गुफा में विराजमान हैं हिंगलाज माता

अंचल के हिंगलाज माता मंदिर में भी स्थानीय सहिज दूरदराज क्षेत्र भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते हैं। सुतियापाठ की पहाड़ी पर स्थित इस देवी मंदिर में दोनों पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माता के स्वरुप का नाम ब्रम्हलीन द्वय पिठाधीश्वर द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पिठाधीश्वरजगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिः स्वरुपानन्द सरस्वती महाराज ने ग्रामीणों एवं समिति वालों के अनुरोध पर बताया था कि इन माता जी का नाम हिंगलाज माता है, जिनका दूसरा स्वरुप पाकिस्तान में विराजमान है, जो सती से जुड़ा हुआ है। जगद्गुरु शंकराचार्य 2014 में कवर्धा चातुर्मास्य पश्चात सिमोलंघन में सुतियापाठ पधारे थे और रात्रिकाल में दुर्गम पहाड़ी पर स्थित विराजमान हिंगलाज माता के गुफा तक जाकर माता का दर्शन किए थे।

# भोरमदेव तितली सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिले में पहली बार भोरमदेव तितली सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भोरमदेव तितली सम्मेलन का शुभारंभ 27 सितंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम से होगा।

इस दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों की तितली की फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भोरमदेव तितली सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप, विशेष अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी शामिल होंगे।

वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि जून 2024 में भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पहली बार बर्ड सर्वे का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे, उन सभी के द्वारा आयोजित बर्ड सर्वे की सराहना की गई। जिससे उत्साहित होकर भोरमदेव अभ्यारण्य की टीम द्वारा सितंबर माह में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के उपरांत भोरमदेव अभ्यारण्य तितलियों के संसार के रूप में वर्णित हो जाता है और यहां भरपूर मात्रा में तितलियां के लिए आवश्यक नेक्टर एवं होस्ट पौधे उपलब्ध हैं जो उनके जीवन चक्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि अभयारण्य अंतर्गत 120 से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं। भोरमदेव अभ्यारण के अंतर्गत दुर्लभ ऑरेंज ऑक्लिप्स पाई जाती है। जिससे आकर्षित होकर कई तितली प्रेमी भोरमदेव अभ्यारण्य इस तितली की फोटोग्राफी के लिए आते रहते हैं।

## सार समाचार

### नेशनल वेटलिफ्टिंग कलस्टर में अतिथि बने अंजुम



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का आयोजन प्रथम वाहिनी छसबल सेक्टर-6 भिलाई में किया जा रहा है। बीते 23 सितंबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा और अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की। कार्यक्रम में संपूर्ण भारत से एक हजार से अधिक पुलिस विभाग के प्रतिभागी शामिल हुए। समारोह में आईबी ग्रुप व अजीज मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अंजुम अल्वी एवं डॉ. निखिल राव सेलार मानव संसाधन विभाग से उपस्थित रहे।

### हर बूथ में 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा चल रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय के 108वां जन्मदिन अवसर को मोर बूथ-मोर अभियान के तहत मनाया गया।



जिला उपाध्यक्ष व सदस्यता सह प्रभारी आभा तिवारी ने कहा कि भारत देश में सबसे ज्यादा संख्या वाली पार्टी भाजपा का सदस्यता ग्रहण करने का अभियान चल रहा है। "मोर बूथ मोर अभियान" के तहत 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने जो दिया है, उसे पूरा करने शुभारंभ किया है। एक-एक बूथ में नेता व कार्यकर्ता सहित सभी को दिए गए अपने बूथों में 12 घंटा काम करना था। पंडित के सपनों के भारत को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला संयोजक साथी सावन वर्मा, आभा तिवारी, आलोक श्रुति, रविंद्र वैष्णव लगातार अपडेट लेते रहते हैं।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज

**राजनांदगांव।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का गरिमामय शुभारंभ कल 27 सितंबर 2024 शुक्रवार को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल होंगे।



अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि इसी के साथ आज से ही पूरे सप्ताहभर तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शुरू हो जाएगी। अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव चैतन्य अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से इस कार्यक्रम में सपरिवार अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है। 27 सितंबर को अग्रवाल महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ( छत्तीसगढ़िया गेटअप ), वेजिटेबल से बुके बनाओ, मीठा व्यंजन बनाओ ( कच्चे नारियल से )। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा शतरंज, लूडो, कैरम तथा स्नेक एण्ड लेडर ( सभी जूनियर तथा सीनियर वर्ग में )। सभी प्रतियोगिताएं दोपहर साढ़े तीन बजे से अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी।

### पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां उपलब्ध कराने के निर्देश

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कराने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला सवर्ग को पुरस्कृत किया जाता है। दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र जिला कार्यालय एवं कनिष्ठ कार्यालयों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों की प्रतिष्टियां 5 अक्टूबर तक जिला कार्यालय समाज कल्याण राजनांदगांव में प्रस्तुत की जा सकती है।

### बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 28 को

**राजनांदगांव।** ग्राम बरगा में 28 सितंबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीताघासी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन, समाजसेवी रमेश पटेल, सरपंच बरगा कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

### ईई दीवान को हटाने सिंधी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** सर्व सिंधी समाज द्वारा पीडब्ल्यूडी में नवपदस्थ कार्यपालन



अभियंता पदमन दीवान के खिलाफ मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी एवं ब्रह्मानंद बजाज ने बताया कि हिट एंड रन मामले में 23 मई 2022 को तात्कालिक एसडीओ पदमन सिंग दीवान द्वारा लापरवाही एवं नशे में धुत होकर अपनी बोलेरो वाहन से समाज के अनिल चौथवानी के सुपुत्र यश चौथवानी को जबर्दस्त ठोकर मारी, जो उनकी मृत्यु का कारण बनी।

घटनास्थल पर पूरे 30 मिनट तक यश की मौत का तमाशा देखने वाले उक्त दीवान के खिलाफ नगर के आक्रोशित लोगों ने कैंडल मार्च एवं अन्य कई प्रकार से विरोध दर्ज कराया था। ऐसे गंभीर मामले के दोषी व्यक्ति जिसके खिलाफ केस नंबर 84/2022 धारा 304 आईपीसी के तहत अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) में मामला विचाराधीन है, ऐसे गंभीर आरोपी को पदोन्नति करते कार्यपालन अभियंता बनाए जाने पर समाज एवं नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन के माध्यम से सिंधी समाज के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, विजय गंगवानी, रूपचंद भीमनानी, अमर लालवानी, रवि बोधानी, अनिल चौथवानी एवं राजा माखीजा ने मांग कि है कि उक्त कार्यपालन अभियंता को तत्काल ही यहां से हटाया जाए और उक्त प्रकरण के निराकरण तक किसी भी सक्रिय पद पर न रखा जाए अन्यथा समाज एवं नगर की जनता उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

## कलेक्टोरेट में बैठक, कलेक्टर की अपील पर समितियों में बनी सहमति

# समितियों ने किया ऐलानः नवरात्रि में पंडाल और गरबा में नहीं बजेगा डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। बैठक में सभी दुर्गा उत्सव समितियों ने स्वतः डीजे का संचालन मूर्ति स्थापना, गरबा, विसर्जन सहित नवरात्रि पर्व के दौरान अन्य आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया है। समितियों ने पारंपरिक तरीके से नवरात्रि पर्व मनाने का निर्णय लिया है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समितियों द्वारा डीजे का उपयोग नहीं करने के निर्णय का स्वागत किया और अच्छे माहौल एवं वातावरण में नवरात्रि पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व में समितियों द्वारा डीजे नहीं बजाने का यह निर्णय बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम होते रहे और लोगों को भी तकलीफ नहीं हो यह ध्यान रखें। जिससे व्यवस्थाएं अच्छी बनी रहेगी।



### साउंड सिस्टम की अनुमति रात 10 तक

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दुर्गा उत्सव समितियों से कहा कि ऐसा कार्य करें। जिससे अन्य लोगों को तकलीफ एवं दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा के लिए साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक कर सकते हैं। शहर में गरबा के आयोजन के देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही साउंड सिस्टम संचालित करने कहा। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिति के शारदा तिवारी, सूरज बुद्धदेव, न्यू सिविल लाईन दुर्गा उत्सव समिति, श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति दुर्गा चौक, नवयुवक दुर्गात्सव समिति चांदनी चौक चिखली, संस्कारधानी गरबा उत्सव शिवनाथ वाटिका, सिंधु गरबा उत्सव समिति, कृष्ण दुर्गा उत्सव समिति, श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज, श्री लोहाणा महाजन, श्री पाटीदार समाज, श्री गंज मंडी दुर्गात्सव समिति सदस्य उपस्थित थे।

### संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने कलेक्टर को दिया आश्वासन

शहर में आयोजित होने वाले शिवनाथ वाटिका गरबा उत्सव 2024 के आयोजकों, संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने नवरात्रि पर्व के गरबा उत्सव में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया है।

आयोजकों ने आश्वासन दिया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी उत्सव धार्मिक परंपराओं और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। संस्कारधानी गरबा ग्रुप के पदाधिकारि अवंत अग्रवाल और राहुल चोपड़ा ने बताया कि नवरात्रि पर्व हमारी आस्था का केन्द्र है। जिसमें गरबा के साथ मातारानी की पूजा, ज्योत और जंवारा की स्थापना की जाती है। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों को रोजाना नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, गिफ्ट वाउचर और मूवी टिकट जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार गरबा के आयोजन में सुमधुर भजन और लोक गुजराती गीतों पारंपरिक का ही इस्तेमाल होगा।

### सांकेतिक भाषा दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** सी आर सी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आस्था मूकबधिर संस्था के बच्चों व शिक्षकों एवं सीआरसी राजनांदगांव में अध्ययनरत डीएड (विशेष शिक्षा), आईडी प्रथम व द्वितीय वर्ष, सांकेतिक भाषा में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीआईएसएलआई के विद्यार्थियों तथा कौशल विकास के दिव्यांगजनों द्वारा रैली निकाली गई और सिल्वर स्क्रीन थियेटर में श्रीकांत मूवी दिखाई गई।

सीआरसी निदेशक स्मिता महोबिया ने बताया कि सांकेतिक भाषा एक ऐसी भाषा है, जो अर्थ सूचित करने के लिए श्रवणीय ध्वनि पैटर्न में संप्रेषित करने के बजाय, दृश्य रूप में सांकेतिक पैटर्न संचारित करती है। जिसमें वक्ता के विचारों को धाराप्रवाह रूप से व्यक्त करने हाथ के आकार विन्यास और संचालन, बांहों या शरीर तथा चेहरे के हाव-भावों का एक साथ उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम असिस्टेंट प्रोफेसर नैदानिक मानोविज्ञान डॉ. प्रशांत मेश्राम, पुर्नवास अधिकारी मेघा दुबे, विशेष शिक्षिका निधि राजन और फरीदा बेगम की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सदस्यता अभियान में सहभागी बनेगा मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी की मौजूदगी में जिला भाजपा कार्यालय में आज बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ओबीसी मोर्चा के 10 मंडल के पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण शामिल हुए।

जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक के दौरान बैठक को प्रदेश पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू और जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने उपस्थित मंडल के पदाधिकारी को ऑफलाइन और ऑनलाइन सदस्यता के संबंध में जानकारी दी। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने बताया कि बैठक का मूल उद्देश्य सदस्यता अभियान में ओबीसी मोर्चा की भूमिका को लेकर था। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ सदस्यता अभियान के लिए ओबीसी मोर्चा भी इसमें बढ़-चढ़कर सहभागी बनेगी।

### पदाधिकारी हुए शामिल

ओबीसी मोर्चा की बैठक के दौरान सदस्यता अभियान से जुड़े विभिन्न जानकारी को 10 मंडल से पहुंचे पदाधिकारी के साथ साझा किया गया और सदस्य बनाने उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल सहित ओबीसी मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान महापर्व

बैठक को संबोधित करते ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान का महापर्व चल रहा है। इसमें हमें थकना नहीं है, रूकना नहीं है और झुकना भी नहीं है। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर जाकर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान से सभी को जोड़ना है और 10 करोड़ सदस्य बनने के लक्ष्य को शीघ्र पूरा भी करना है।

# पांच कक्षा के 73 बच्चों को पढ़ा रहे एक शिक्षक

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला प्राथमिक शाला की पांच कक्षा एक शिक्षक के भरोसे है। यहां कक्षा एक से पांच तक के 73 बच्चों को एक शिक्षक ही पढ़ा रहे हैं। ऐसे में इन बच्चों के भविष्य की चिंता उनके पालकों को सता रही है। आज बड़ी संख्या में खपरीकला के ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और स्कूल में शिक्षकों की कमी पूरी करने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। खपरीकला के प्राथमिक शाला में महज एक शिक्षक पूरे स्कूल को पढ़ा रहे हैं। कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी तक यहां 73 बच्चे अध्यनरत हैं। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में एक शिक्षक ही हैं।



### शिक्षक की ड्यूटी लगने पर स्कूल होता है बंद

खपरीकला के सुखदेव पटेल, राजेश वर्मा और पूनम यादव ने कहा कि स्कूल में एक ही शिक्षक है। उन्हें भी कई बार अन्य कार्यों में लगा दिया जाता है, तब स्कूल बंद हो जाता है। ऐसे में उनके बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

# नदी के किनारे प्यासे लोग आज से करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूरे शहर को पेयजल के माध्यम से जीवन देने वाली शिवनाथ नदी के बगल में ही निवासरत लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। लगभग एक साल से पेयजल की समस्या से जूझ रहे मोहारा वार्ड नंबर 47 के लोग अब भूख हड़ताल करेंगे। जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के तट पर बसे मोहारा वार्ड में ही पेयजल की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। यहां पर लगभग एक वर्ष से पेयजल की समस्या बरकरार है। वार्ड पार्षद द्वारा कई बार नगर निगम से इस विषय में लिखित और मौखिक शिकायत भी की गई, लेकिन इसके बाद भी इस वार्ड की पेयजल समस्या को दुरूस्त करने कार्य नहीं हुआ। वहीं अब पेयजल समस्या को लेकर पार्षद सरिता



अवधेश प्रजापति के साथ वार्ड के लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इसको लेकर पार्षद ने ज्ञापन के माध्यम से भूख हड़ताल किए जाने को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया है।

### अपनी सरकार में भी नहीं सुलझी समस्या

अपने ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्षद सरिता प्रजापति ने बताया है कि लगभग एक वर्ष से वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में पेयजल समस्या बनी हुई है। एक वर्ष पूर्व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, वहीं अभी भी नगर निगम में कांग्रेस सत्ता में है। इसके बावजूद मोहारा वार्ड की पेयजल समस्या का निदान नहीं हो पाया है और अब कांग्रेस पार्षद को ही अपनी सत्ता वाली नगर निगम के खिलाफ भूख हड़ताल करते आंदोलन करना पड़ रहा है। अपने ज्ञापन में पार्षद ने कहा है कि मोहारा वार्ड के दुर्गा मंच के पास 27 सितंबर से वार्ड के लोगों के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया जाएगा।

# पटवारी हेमंत ठाकुर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 4 के तत्कालिक पटवारी हेमंत ठाकुर को अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय औंधी तहसील कार्यालय निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यवाही आवेदक बृजभूषण देशमुख, निवासी ग्राम मोहला ने संजय मिश्रा द्वारा आवेदक की ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 4 में स्थित 15 एकड़ भूमि का फर्जी तरीके से बिक्री करने तथा सरकारी राजस्व पोर्टल में छेड़खानी कर नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में जांच किये जाने की मांग किये जाने पर अनुविभागिय अधिकारी राजस्व मोहला, तहसीलदार मोहला एवं अंबागढ़ चौकी द्वारा संयुक्त जांच किया गया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 4 की भूमि को फर्जी तरीके से दस्तावेज कूटरचित कर विक्रय किये जाने एवं राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ किये जाने में प्रथम दृष्टया संलिप्ता पाई गई है। उक्त कृत्य में तात्कालिक पटवारी हेमंत ठाकुर की भूमिका संलिप्तता पाये जाने पर कार्यवाही की गई है।

# असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई

- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली कानून व्यवस्था की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि जिले में कहीं भी अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्य करें।

किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें ताकि समय पर कारवाई की जा सकें। उन्होंने कई जगहों की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा की सभी राजस्व व पुलिस अधिकारी सजग सचेत रहे। कहीं भी किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना की आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज के धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर, समाज प्रमुखों से सतत संपर्क करते हुए प्रमुखों की बैठक ले। जिले में धार्मिक महत्व के स्थलों को चिन्हांकित करे ताकि सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी की जा सके।

धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करे। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों पर निगरानी रखने के अलावा दोनो विभाग को आपसी सामंजस्य बनाकर टीम वर्क के साथ काम करने कहा। इसके साथ ही समय समय पर थाना व अनुविभागीय स्तर पर संयुक्त बैठक के साथ ही समय समय पर शांति समिति की बैठक भी आयोजित करने कहा ताकि स्थानीय स्तर की समस्याओं को जानने मे सरलता हो। कलेक्टर ने हिंसा और प्रदर्शन के संभावित कारणों, उसके रोकथाम संबंधी उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

संयुक्त बैठक मे पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो, शांति व्यवस्था बनाने राजस्व और पुलिस अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी सी छोटी घटना की जानकारी तत्काल उच्च अधिकारियों को दे ताकि समय रहते वह बड़ी घटना का रूप न ले। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एएसपी नेहा पांडेय, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित राजस्व व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## निगम ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

# नवरात्रि के पहले मंदिरों में साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं सामाजिक संस्था स्वस्फूर्त होकर जुड़ रहे हैं और स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को शहर की सेवाभावी संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियों ने निगम द्वारा मां पाताल भैरवी मंदिर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड़ मंदिर परिसर में साफ-सफाई किया। मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर के स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई कर झिल्ली पन्नी कचरा उठाए।



समिति के अध्यक्ष मयंक शर्मा ने अभियान में कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के प्रणेता महात्मा गांधी थे, उन्हीं की याद में उनकी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

श्रमदान में आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के संयोजक निकुंज सिंघल सहित पदाधिकारी सूरज गुप्ता, विनय साहू, राकेश साहू, मनीष यादव, सौरभ खंडेलवाल, सागर अग्रवाल, मौसमी शर्मा व ममता शर्मा के अलावा वरिषठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद गगन आईच, निगम के स्वच्छता के नोडल अधिकारी यूके रामटेके तथा सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### शारदीय नवरात्रि की तैयारी को लेकर जय बूढ़ा महादेव दुर्गा समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां व परिचर्चा बैठक आयोजित किया गया। जिस पर जय बूढ़ा महादेव दुर्गा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष शारदीय नवरात्रि को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साव है। इस बैठक में समितियां द्वारा नवरात्रि को लेकर तैयारियां एवं मां दुर्गा की प्रतिमा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के बारे में परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार धुर्वे, उपाध्यक्ष गुरुनंद गोस्वामी, सचिव महावीर निषाद, दुखीराम श्रीवास, मनहरण यादव व सदस्य रोहित राम साहू, जहित राम साहू, धनी गोस्वामी, राजू गोस्वामी, जल्लू विश्वकर्मा, लकी सप्रे, पुखराज सप्रे, ओमप्रकाश साहू, सुखनंदन यादव, दिलीप यादव, गणेश निषाद, सूर्य निषाद सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### एनएसएस के माध्यम से बच्चों ने किया तारामंडल दर्शन




**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद द्वारा पीएम श्री आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पिपरिया मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से सैकड़ों छात्र छात्राओं को तारा मण्डल का दर्शन विशेष प्रकार के प्रोजेक्टर के माध्यम से कराया गया। जिसे देखकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आएं, ध्रुव तारा, सप्तऋषि, स्कार्पियो, धनु राशि, सूर्य, चन्द्रमा आदि ग्रहो एवं ताराओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम स्पेस एजुकेशन एवं रिसर्च सेंट्रल रायपुर के तत्वाधान मे इन्द्रेश पटेल द्वारा किया गया, इन्द्रेश पटेल ने छात्र छात्राओं को सौरमंडल के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि ग्रहों के ऊपर कैसे जीवन व्यतीत किया जाता है और किन-किन वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। ब्रह्मांड में हमारा स्थान, तारा क्या है आदि के बारे में भी बताया तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ता है, उन्होंने कहां कि विशेष प्रकार के प्रोजेक्टर के माध्यम से इस तरह के तारामंडल के दर्शन स्कूली बच्चों के द्वारा करने से विज्ञान विषय को और अधिक रोचक बनाया जा सकता है, स्कूली बच्चों को विशेष प्रकार के प्रोजेक्टर के माध्यम से तारामंडल दर्शन करवाने के बाद अंत में इसी संबंध में एक विज्ञान क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 12वीं के छात्र जागेंद्र साहू तथा छात्रा दुर्गेश्वरी यादव को प्रश्नोत्तरी का जवाब देने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया साथ ही इस प्रश्नोत्तरी में मोनिका साहू सोनम, पूर्णिमा साहू, निशा निषाद सभी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार बंजारे, विनोद कुमार चंद्रवंशी, अर्जुन राम चंद्रवंशी, हंसराज चंद्राकर, देवकी नेताम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में समस्या का अंबार, जिम्मेदार अनजान



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से कोरोना काल में नव निर्मित शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर स्कूल का उद्घाटन किया गया, जिसकी लागत राशि 73 लाख रूपए स्वीकृति हुई थी, मिली जानकारी के अनुसार शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में वर्तमान में नवनिर्माण स्कूल भवन में समस्याओं का अंबार है जिससे छात्र छात्राओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदार इन समस्याओं से अनजान है। स्कूल परिषर में जिम्मेदारों व ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कराया गया जो कि वर्तमान स्थिति में नाली क्षतिग्रस्त है वहीं स्कूल परिसर में सांस्कृतिक मंच, सायकल स्टैंड, पहुंच मार्ग जर्जर व बदहाल होने से स्कूली छात्र छात्राओं को आवागमन करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ बाउंड्रीवाल के अभाव में घुमंतू मवेशियों तथा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा से छात्र-छात्राओं को परेशानियां व इसका सीधा प्रभाव छात्र-छात्राओं पर पड़ने लगा है।

### घुघरीकला स्कूल में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला में सेवानिवृत्त व्याख्याता डाइट टीएन मिश्रा द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सपरिवार शाला में पदार्पण कर विद्यार्थियों को अपने हाथों से भोजन परोसे जिसमें पूड़ी, सेंवई, केला, चांवल, दाल, हरा सब्जी का भोग लगाया गया। इस दौरान शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति पदाधिकारी एवं सदस्य गणों की पूर्ण सहभागिता रही। जिस पर शाला परिवार एवं बच्चों द्वारा इस सराहनीय पहल व स्नेह के लिए दीर्घायु जीवन की कामना के साथ आभार व्यक्त किया।

**समस्या:** आवागमन करने में राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें, ग्रामीणों में आक्रोश

# पीएम सड़क को मरहम पट्टी की जरूरत, आवाजाही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

जिले की प्रधानमंत्री सड़क की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। जिम्मेदारो व विभागीय अधिकारियों की देखरेख के अभाव में प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल है। ग्राम महका-सेन्हाभाठा व कुण्डा से दामापुर जाने वाली पीएम सड़कें खस्ताहाल हो चुकी है मरम्मत व सुधार कार्य के अभाव में सड़क दम तोड़ चुकी है सड़क पर बने गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत खडी कर रही है जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक आए दिन सड़क हादसे का शिकार हो रहें हैं वहीं अगर हल्की-तेज बारिश से जलभराव होने से पीएम सड़क तालाब में तब्दील व ग्रामीणों व राहगीरों के जान जोखिम भरा रहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी ग्राम महका से कुण्डा और दामापुर पहुंच मार्ग जिसकी दूरी लगभग 20 किलो मीटर है, जो दम तोड़ व जर्जर हो चुकी है। पूरे मार्ग पर छोटे-बड़े खाईनमा गड्ढों में तब्दील है। आलम यह है कि मार्ग पर डामर की परते पूरी उखड़ गई है। इससे आए दिन वाहन चालक गड्ढों की इस जाल में फसकर चोटिल हो रहे हैं तथा जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे व नूकिलें पत्थर एवं पानी का जमाव होने से इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



#### दुघर्टना का कारण बन रहा बदहाल व जर्जर पीएम मार्ग

ग्राम सहित आसपास के लोगों को मजबूरी वंश इस मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है जो कई बार दुघर्टना का कारण भी बन चुका है। वाहन चालक रात को आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जर्जर सड़क का हालत देखकर स्थानीय लोग मे भारी आक्रोश व्याप्त है अगर समय से पहले मार्ग की सुधार व मरम्मत हो जाता है तो आसपास के किसान एवं ग्रामीणों को आने जाने मे परेशानी नहीं होगी।

#### मरम्मत की दरकार विभागीय अधिकारी बेपरवाह

ग्राम महका-सेन्हाभाठा व कुण्डा से दामापुर जाने वाली मार्ग इतना खराब हो गया है कि जगह-जगह लंबे-चौड़े गड्ढे बन गए हैं, जहां पर गड्ढे नही है वहां पर गिट्टी-बोल्डर व नुकिले पत्थर का बिखराव पड़ा है अगर हल्की बारिश हुई तो मार्ग और भी खतरनाक रुप ले लेती है। वहीं ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह व इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा।

### पीजी कॉलेज में मनाई गई राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनिनाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स का विशेष योगदान रहता है, सुचारू रूप से गतिविधियों को संचालित करने के लिए उन्होंने टीम को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से राष्ट्रीय सेवा करने के लिए प्रेरित किया, आस्था समिति अध्यक्ष दौलत राम कश्यप ने राष्ट्रीय सेवा योजना में बौद्धिक परिचर्चा का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। प्राची एवं साथी द्वारा स्वच्छता संदेश पर समूह नृत्य किया गया। मधु कौशिक एवं अनुराग ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सूखा पेड़ दे रहा छोटे-बड़े हादसे को न्योता

- ग्रामीणों व राहगीरो के सिर मंडरा रहा खतरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर 30 नेशनल मार्ग के किनारे स्थित ग्राम सिंघनपुरी-बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा व राम्हेपुर कला चौक-चौराहो में कई दर्जन सूखा पेड़ राहगीरों के लिए छोटी-बड़ी हादसे को आमंत्रण दे रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि देखरेख के अभाव में जो पूरी तरह पेड़ सूख गए हैं अब राहगीरो के लिए काल बनकर खड़ा हुआ है, जो कि कभी भी हल्की तेज आंधी तुफान व बारिश के चलते बीच सड़क पर गिर सकते हैं। वहीं छोटी बड़ी सड़क हादसे की आशंका बनी हुई है। रहवासियों ने बताया कि कवर्धा-बिलासपुर 30 नेशनल हाईवे मार्ग में 24 सों घंटे तेज रफ्तार छोटे-बड़े वाहनों का आवाजाही लगा रहा है। इस ओर विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत है व सूखा पेड़ को हटा दिया जाए तो हादसा दुर्घटना से ग्रामीण व राहगीर बच सकें।




## उप-स्वास्थ्य केन्द्र मड़मड़ा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप-स्वास्थ्य मड़मड़ा को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक सर्टिफिकेट एनक्यूएएस मिला है। 9 जुलाई 2024 को भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ गौरव ओझा एवं सैयद फरीदुद्दीन द्वारा उप-स्वास्थ्य केन्द्र मड़मड़ा का मूल्यांकन किया गया, मूल्यांकन में उप-स्वास्थ्य केन्द्र मड़मड़ा को 86.38 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया।

जिसपर नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस उपलब्धि पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र मड़मड़ा स्वास्थ्य विभाग टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बधाई देते बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की 12 सर्विस पैकेज का मुल्यांकन किया गया। जिसके अंतर्गत ओपीडी, आईपीडी, लैब, प्रसूती कक्ष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, सामान्य प्रशासन आदि शामिल है। जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली के द्वारा उप केन्द्र मड़मड़ा को 86.38 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था एवं कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने जिले एवं राज्य को गौरवांवित किया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और वो क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहेगें।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक चंद्रवंशी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में तथा आर एमएनसीएच, सलाहकार डॉ मुकुंद राव, कविता चंद्राकर राज्य सलाहकार रूपेश साहू, आंचल देवी हठीले, दिनेश कुमार साहू, उर्मिला मौर्या, नीति वर्मा के सहयोग से तैयारी की गई, स्वास्थ्य सेवाओं की 12 सर्विस पैकेज का मूल्यांकन किया गया। उप-स्वास्थ्य केन्द्र के दिनेश कुमार साहू ने बताया कि इसके पूर्व कायाकल्प कार्यक्रम में उक्त स्वास्थ्य संस्था पुरूस्कृत हो चुका है, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के बताया की वर्तमान में जिले की कुल 09 स्वास्थ्य संस्थाएं एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी है। जिसमें जिला चिकित्सालय कवर्धा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदौरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र बारदी, उप स्वास्थ्य केन्द्र कुसुमघटा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डातराई एवं उप स्वास्थ्य केंद्र मड़मड़ा शामिल है।

## आयुष्मान पखवाड़ा शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुरूवार को परिहार हॉस्पिटल में आयुष्मान पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े का उद्देश्य उन सभी पात्र-हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करना है, जो अब तक किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए हैं। आयुष्मान पखवाड़ा शिविर में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, डॉ शशिकपुर सिंह परिहार, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उमंग पांडेय, अनिल साहू, पवन जायसवाल, अजय ठाकुर, रामगोपाल सिंह ठाकुर उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा के मार्गदर्शन में घर-घर जाकर छूटे हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं, इन शिविरों में ग्रामीणों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की जा रही है और उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत शेष हितग्राहियों को योजना का लाभ देने के लिए चरणबद्ध तरीके से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आज से 06 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इन 06 वर्षों में करोड़ों परिवारों को इस योजना का लाभ मिला है। जिले में 7 लाख 85 हजार 950 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से अब तक 6 लाख 92 हजार 888 कार्ड बनाए जा चुके हैं। 20 से 30 सितंबर तक चलने वाले इस आयुष्मान पखवाड़े के दौरान छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है।



## पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी: दिनेश चंद्रवंशी



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम अमलीडीह में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम व स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरूवार को जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश चंद्रवंशी, अध्यक्षता अतिथि संतोष पटेल व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प, आवाहन को पूर्ण करते हुए हम सभी इस महा-अभियान में सहभागी बने अपनी जननी माता मातृभूमि को समर्पित कर एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल करें। इसी क्रम में संतोष पटेल ने सभी से अपील किया कि आप सभी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 को सफल बनाने हेतु अपनी-अपनी परिवेश को साफ-सफाई व स्वच्छ रखें विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बने एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं और अपने वातावरण को स्वच्छ और संरक्षित रखें तथा पीएम के अभियान में सभी नागरिकों को सम्मिलित होने हेतु अपील किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा शैलेश कुमार भगत, सरपंच रामप्रसाद चंद्रवंशी, यशवंत सिंह राजपूत, उप सरपंच, पंचगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चेंबर व ट्रांसपोर्ट की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स को कवर्धा के व्यापारियों द्वारा रायपुर से कवर्धा ट्रांसपोर्ट गेराज से जुड़ी नई एवं पुरानी किराया भाड़ा के रेट को लेकर कई दिक्कत हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चेंबर भवन, रायपुर में कवर्धा के तीन प्रमुख ट्रांसपोर्ट गेराज जावेद गुड्स ट्रांसपोर्ट, जय भोले गुड्स ट्रांसपोर्ट और भैरव ट्रांसपोर्ट के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर के ट्रांसपोर्ट संघ के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल की उपस्थिति में व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट संचालकों के बीच खुली चर्चा कर सभी समस्याओं का निराकरण किया गया।

### नवोदय विद्यालय में अब 7 अक्टूबर तक प्रवेश

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि को 23 सितंबर को बढ़ाकर 7 अक्टूबर 2024 तक किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाइन लिंक पर जाकर इस प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं तथा नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण तथा जिले के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर सकते है।

### अंचल में लगातार हो रही बारिश से उमस

**कवर्धा।** अंचल में इन दिनो लगातार बारिश हो रही है। गुरूवार को कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। जिससे लोगों के न सिर्फ कामकाज प्रभावित हो रहे हैं वहीं कभी धूप कभी बारिश से लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ रहा है।

# भोरमदेव मंदिर में विशेषज्ञ टीम द्वारा शुरू किया गया मरम्मत कार्य

- वर्षाकाल के शुरूआती दिनो में आई थी गर्भ गृह में जल रिसाव की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होने के शुरूआती दिनो में इस बात की शिकायत सामने आई थी कि एक बार फिर प्रदेश सहित अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था केन्द्र पर्यटन स्थल भोरमदेव मंदिर में जल रिसाव हो रहा है।
जिसके बाद मंदिर के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े किए जाने लगे थे। इस शिकवा शिकायत के बाद प्रशासन तथा पुरात्तव विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया था और अब भोरमदेव मंदिर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। हालांकि इस मरम्मत कार्य के तहत क्या किया जा रहा है और यह कार्य कब तक पूरा हो पाएगा इस संबंध में अभी तक प्रशासन अथवा पुरातत्व विभाग ने अपनी तरफ से कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

लेकिन मौके पर अधिकारियों के साथ ही मरम्मत कार्य करने वालों का अमला दिखाई दे रहा है। जो मुख्य रूप से मंदिर के ऊपरी हिस्से की मरम्मत करते नजर आ रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ माह पूर्व वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के बाद लगातार हुई बारिश से मंदिर के ऊपरी हिस्से मंदिर के तीनो द्वारों तथा गर्भ गृह में पानी का रिसाव होने लगा था। इस स्थिति में मंदिर के सेवादारों को गर्भ गृह में बारिश के पानी के भराव को रोकने के लिए बर्तनो का सहारा लेना पड़ रहा था। बाद में इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी।

जिसके बाद अब प्रशासन द्वारा मंदिर में मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया है। जानकारी यह भी मिली है इस मरम्मत कार्य को विशेषज्ञों की निगरानी में अंजाम दिया जा रहा है ताकि मंदिर को किसी प्रकार का कोई नुकसान न पहुंचे और लगातार हो रहे जल रिसाव को स्थाई रूप से रोका जा सके।

### भोरमदेव मंदिर में पहले भी किया जा चुका है पुरातत्व विभाग द्वारा मरम्मत कार्य

यहां बताना लाजिमी होगा कि भोरमदेव मंदिर में जल भराव की शिकायत कोई पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी बीते वर्ष कुछ इसी तरह की शिकायतें सामने आई तो मंदिर के गर्भ गृह में बड़ी मात्रा में बारिश का पानी मंदिर की दीवारों से रिस कर अंदर पहुंच रहा था। जिसके बाद जिला प्रशासन की सूचना पर मंदिर पहुंची पुरातत्व विभाग की टीम ने मंदिर का निरीक्षण करने के बाद करीब एक करोड़ रूपए की लागत से मंदिर का मरम्मत कार्य कराया था। लेकिन इस मरम्मत कार्य के महज साल डेढ़ साल के बाद फिर से वहीं स्थिति निर्मित हो गई है और एक बार फिर से मरम्मत की नौबत आ गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि क्या इस बार विभाग द्वारा किया जा रहा मरम्मत कार्य पुख्ता है और क्या इसके बाद अब मंदिर में जल रिसाव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। बहरहाल इस सवाल का जवाब अभी कोई नहीं दे रहा है। हां इतना जरूर है कि मंदिर में मरम्मत कार्य चल रहा है। प्रशासन की टीम लगी हुई है।



**भर्राशाही:** आबादी क्षेत्र से दूर सूनसान स्थानों में चबूतरा बनाकर कराए जा रहे बिल पास

# नल जल योजना में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार व मनमानी का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

प्रदेश में अब भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार आने और शासन-प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी जिले में नलजल योजना के नाम पर मची लूट और भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम ये है कि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना में संबंधित और उसके ठेकेदार द्वारा किए भ्रष्टाचारी कारनामे जहां तहां देखने को मिल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम नेउरगांव खुर्द से सामने आया है। जहां नल जल योजना में जमकर भ्रष्टाचारी देखने को मिल रही है। स्थिति ये है कि घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा संचालित इस योजना के माध्यम से भले ही लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों और उनके ठेकेदारों के जेबों में मोटी रकम जरूर पहुंच रही है। बताया जाता है कि ग्राम नेउरगांव खुर्द में ठेकेदारों ने सिर्फ अपना बेगैरत का काम दिखाने और अपना बिल बढ़ाने के नाम पर गांव के ऐसे-ऐसे स्थानो में एफएचटीसी या आम भाषा में चबूतरा का निर्माण किया है जहां न तो कोई बंदा है और न ही बंदे की जात है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा गांव में ऐसे स्थानो पर चबूतरा और नल लगाया है जहां दूर-दूर तक कोई घर नहीं है। खेत में चबूतरा बनाकर ठेकेदार ने सिर्फ अपना लाभ देखा है। क्योंकि ठेकेदार द्वारा जितने ज्यादा चबूतरा बनाया जाएगा उसका उतना ही ज्यादा फायदा होगा। जबकि शासन के निर्देशानुसार योजना के तहत नल चबूतरा का निर्माण वहीं करना है जहां लोगों का घर है, नियमानुसार एक ही स्थान पर एक से अधिक नल चबूतरों का निर्माण भी नहीं करना है। बावजूद इसके ठेकेदारों द्वारा नियम कायदों को ताक में रखकर इस तरह के निर्माण कार्यो को अंजाम दिया गया है।



### पुरानी लाइन में जोड़े नए कनेक्शन

शिकायत यह भी है ग्राम पंचायत नेउरखुर्द में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति कराने पिछाई गई पाईप लाईन में ही नलजल योजना के ठेकेदार ने लगभग 300 से 400 मीटर कनेक्शन किया गया है। जबकि इन्हे नया पाइप लाइन डालना था। बताया जाता है कि ठेकेदार की इस मनमानी का विरोध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया गया था उसके बाद भी विभाग ने इस पर कोई आपत्ति नहीं की और ठेकेदार का बिल भी पास हो गया।



### अधिकारी का जवाब नहीं

इस संबंध में एसडीओ गोपाल ठाकुर ने जानकारी मांगने पर कोई जवाब ही नही दिया। बोड़ला कार्यालय में इनकी उपस्थिति ना के बराबर है जब भी कार्यालय जाओ तो वहां के कर्मचारी बताते है की साहब आज नहीं आए हैं। ऐसे में लगता यही है कि अधिकारी घर बैठे ही कार्य का मूल्यांकन कर रहें है तो फिर शासन की जनकल्याणकारी योजना में गुणवत्ता कैसे दिखाई देगी। बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन को इस तरह की शिकायतों पर निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

### विभागीय मिलीभगत से नल जल योजना में हो रहा खुलेआज भ्रष्टाचार

माना जा रहा है कि नल-जल योजना में जिस ढंग से ठेकेदार मनमानी करते दिखाई दे रहे हैं वह बगैर संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के नहीं हो सकता है। सवाल यह भी उठता है कि जब ठेकेदार द्वारा नियम कायदों के विपरीत कार्य किया है तो उसका बिल कैसे पास हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इस तरफ के मामले जिले भर से सामने आने के बाद शासन-प्रशासन ने विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश भी जारी किए है लेकिन इसका कोई असर विभागीय अधिकारियों पर नहीं दिख रहा है और वे शासन प्रशासन के निर्देशों को एक कान सुनकर दूसरे कान से निकाल रहे हैं।

# गैंदपुर के सरपंच सचिव पर लाखों के फर्जीबाडे का आरोप



- ग्रामीणों ने जनपद व जिला पंचायत में ज्ञापन सौंपकर की लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गैंदपुर के ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर राशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है, जिसकी शिकायत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा व जिला पंचायत सीईओ से करते हुए जांच की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें बताया गया है की नियम विरुद्ध पंचायत प्रतिनिधि एवं सचिव अपने रिश्तेदार व पुत्र के बैंक खाते के माध्यम से लगभग 5 लाख का फर्जी आहरण किया है जबकि पंचायती राज अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी पंचायत प्रतिनिधि व शासकीय सचिव अपने व अपने रिश्तेदार के खाते में भुगतान नहीं कर सकता। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव ने आपसी मिलीभगत कर ग्राम पंचायत क्षेत्र में करीब 8 से 10 साल पूर्व निर्मित कराई गई आरसीसी सड़क को नया निर्माण बताकर स्वीकृत राशि का फर्जी ढंग से आहरण किया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी प्रकार सरपंच व सचिव ने ग्रामवासियों को मिष्ठान वितरण करने का फर्जी बिल लगाकर एक लाख रूपए की राशि आहरित की है।

जबकि एक लाख रूपए का ग्रामीणों को मिष्ठान वितरण विचारणीय है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि 15 वें वित्त की राशि, स्वच्छता के अंतर्गत प्राप्त राशि से नाली मरम्मत के नाम पर फर्जी 3 लाख व सफाई के नाम पर 2 लाख फर्जी आहरण किया गया है। वहीं पेयजल की राशि 15 वें से पाइपलाइन विस्तार और पंप स्थापना के नाम से फर्जी आहरण किया है। शिकायतकर्ता खेमलाल, जीवन, छन्नू, बंसी राम, गिरधर, राजाराम रजक, प्रकाश साहू, दीनबंधु ठाकुर, माखन साहू ने प्रशासन से मांग की है ग्राम पंचायत गैंदपुर में सरपंच व सचिव द्वारा किए गए इस फजीबाड़े की जांच कर दोनों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# जिले से आनंद सिंह कांग्रेस की न्याय यात्रा की कोर कमेटी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश में लगातार बढ़ते व अनियंत्रित अपराध, अराजकता तथा भाजपा शासन की विफलताओं पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में सा मा जि क समरसता लाने, प्रदेशवासियों को भय और आतंक से मुक्ति दिलाने तथा प्रदेश में पुनः शांति व्यवस्था कायम करने की मंशा से छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ नेता, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और कांग्रेस के सभी दलों के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्य में यह छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। कबीरधाम जिले के लिए यह गौरव का विषय है कि इस यात्रा की रूपरेखा, संचालन तथा क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जो कोर टीम गठित की है उसमें जिले की विधानसभा पंडरिया के युवा नेता व जनसेवक आनंद सिंह को भी शामिल किया है। जानकारी के मुताबिक आनंद सिंह अपनी 20 सदस्यीय वर्किंग टीम के साथ इस यात्रा की तैयारियों के लिए गुरूवार को ही रायपुर के लिए रवाना भी हो चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यात्रा की तैयारियों में जुट गए है।



## राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता की सेवा 2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर आधारित विभिन्न गतिविधियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य सुजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेवकों के मध्य विभिन्न स्पर्धा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता रैली, साइकिल रैली, नुक्कड़ सभा, वाल राइटिंग का आयोजन किया गया। स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए ग्राम राजानवागांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की सफाई जिसमें मंदिर, बाजार चौक, विद्यालय परिसर, थाना परिसर के सामने विभिन्न क्षेत्रों की सफाई करने के साथ-साथ विद्यालय प्रांगण को गाजर घास मुक्त किया जा रहा है। स्कूल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों को गांधी जयंती के अवसर विशाल स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

# कवर्धा में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में किया जा रहा है। 26 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित इस चार दिवसीय 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 शुभारंभ गुरूवार को जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से किया। वहीं शुभारंभ कार्य की अध्यक्ष नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ,विशिष्ट अतिथि संतोष पटेल, विदेशीराम राम धुर्वे, पार्षद पवन जायसवाल, उमंग पांडे, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय तथा खिलाड़ियों को संबोधित करते डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार विष्णुदेव सरकार तथा केन्द्र की मोदी सरकार खेल और खिलाडिय़ों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ प्रदेश व देश के खिलाड़ियों को मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 व्हाली बॉल-बालक एवं बालिका 14-17 वर्ष, साप्ट बॉल-बालक एवं बालिका 14-19 वर्ष तथा हैण्ड बाल-बालक एवं बालिका 17 वर्ष को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।




सुतियापाठ की पहाड़ी पर स्थित हिंगलाज माता के दर्शन करने पहुंचे थे शंकराचार्य

# शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, सजाए जा रहे दुर्गा पंडाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

पंचायत स. लोहारा सहित विकासखण्ड की सभी 96 ग्राम पंचायतों में शारदेय नवरात्र पर्व की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। माता रानी के आगमन की तैयारियों के मद्देनजर जहां दुर्गोत्सव समितियां पूजा पंडालों को आकर्षक स्वरूप देने में जुटे हैं वहीं मंदिर समितियों द्वारा मा दुर्गा की प्रतिमाओं मूर्त रूप दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 03 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व के लिए विभिन्न उत्सव समितियों में तैयारियां शुरू हो गई है। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों उडिया, बाजार चारभांठा, गोछिया, दानीघठोली, ठाठापुर, रणवीरपुर, गौरमाटी, बीरेन्द्रनगर, मोहगांव, बिडोरा, सिल्हाटी, सिंघनपुरी जंगल जैसे सेंटर क्षेत्र सहित सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के 96 ग्राम पंचायतों में नवरात्रि उत्सव समितियों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। नवरात्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम खासकर जगराता की भी धूम रहेगी। कई ग्राम पंचायत क्षेत्र में तो कार्यक्रम 10-15 दिन पूर्व से ही बुक कर लिए गए हैं। कार्यक्रम संचालकों की पूछ परख भी बढ़ गई है।

### अंचल के मंदिरों में भी तैयारियां प्रारंभ

पंडालों के अलावा देवी मंदिरों में भी पूजा अनुष्ठान की तैयारियां शुरू हो गई है। सहसपुर लोहारा नगर के प्रमुख राज परिवार की कुल देवी भगवती मंदिर व शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने के इच्छुक भक्त रसीद कटवाने के लिए पहुंच रहे हैं। ग्राम पंचायत गौरमाटी में 03 तालाब के मध्य स्थित चंडी माता मंदिर में भी तैयारी जोरों पर है यहां भी मनोकामना ज्योति कलश प्रतिवर्ष प्रज्वलित किये जाते हैं।

### ऊंचे पहाड़ के ऊपर गुफा में विराजमान हैं हिंगलाज माता

अंचल के हिंगलाज माता मंदिर में भी स्थानीय सहिज दूरदराज क्षेत्र भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते हैं। सुतियापाठ की पहाड़ी पर स्थित इस देवी मंदिर में दोनों पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माता के स्वरुप का नाम ब्रम्हलीन द्वय पिठाधीश्वर द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पिठाधीश्वरजगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिः स्वरुपानन्द सरस्वती महाराज ने ग्रामीणों एवं समिति वालों के अनुरोध पर बताया था कि इन माता जी का नाम हिंगलाज माता है, जिनका दूसरा स्वरुप पाकिस्तान में विराजमान है, जो सती से जुड़ा हुआ है। जगद्गुरु शंकराचार्य 2014 में कवर्धा चातुर्मास्य पश्चात सिमोलंघन में सुतियापाठ पधारे थे और रात्रिकाल में दुर्गम पहाड़ी पर स्थित विराजमान हिंगलाज माता के गुफा तक जाकर माता का दर्शन किए थे।

# भोरमदेव तितली सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले में पहली बार भोरमदेव तितली सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भोरमदेव तितली सम्मेलन का शुभारंभ 27 सितंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम से होगा।

इस दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों की तितली की फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। भोरमदेव तितली सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप, विशेष अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी शामिल होंगे।

वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि जून 2024 में भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पहली बार बर्ड सर्वे का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे, उन सभी के द्वारा आयोजित बर्ड सर्वे की सराहना की गई। जिससे उत्साहित होकर भोरमदेव अभ्यारण्य की टीम द्वारा सितंबर माह में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के उपरांत भोरमदेव अभ्यारण्य तितलियों के संसार के रूप में वर्णित हो जाता है और यहां भरपूर मात्रा में तितलियां के लिए आवश्यक नेक्टर एवं होस्ट पौधे उपलब्ध हैं जो उनके जीवन चक्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि अभयारण्य अंतर्गत 120 से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं। भोरमदेव अभ्यारण के अंतर्गत दुर्लभ ऑरेंज ऑक्लिप्स पाई जाती है। जिससे आकर्षित होकर कई तितली प्रेमी भोरमदेव अभ्यारण्य इस तितली की फोटोग्राफी के लिए आते रहते हैं।